अमर उजाला 23/12/2025

आईपीसी में वैज्ञानिकों ने एआई पर दिए व्याख्यान

फार्मास्युटीकल कांग्रेस आईपीसी का आयोजन

फार्मास्यूटिकल कांग्रेस में मौजूद जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त व अन्य। एसो.

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। एसोसिएशन ऑफ फार्मास्युटिकल्स टीचर्स ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 74वें इंडियन फार्मास्युटिकल्स कांग्रेस आईपीसी का बेंगलुरु इंटरनेशनल कंवेशन सेंटर में आयोजन हुआ। आईपीसी में देश-विदेश से आए वैज्ञानिकों ने एआई और प्रौद्योगिकी पर व्याख्यान दिया।

वहीं जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य और एपीटीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रोहित दत्त ने कहा आईपीसी हमेशा से नया ज्ञान सांझा करने, नीति बनाने और विचार विमर्श व नवाचार का एक मंच रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आईपीसी में 8000 से ज्यादा छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और रिसर्च स्कॉलर ने प्रतिभागिता की। आईपीसी के आयोजन सचिव दीपेंद्र सिंह ने कहा एआई और नई तकनीकों का एकीकरण दवा खोज, रोगी देखभाल और फार्मेसी शिक्षा को बदल रहा है।

यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि यह परिवर्तन सबको साथ लेकर हो, नैतिक हो और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो। इसके बाद आईपीसीए अध्यक्ष डॉ मिलिंद उमेकर ने बताया इस वर्ष आईपीसी में इंडस्ट्रियल एक्सपो, अकादमिक एक्सपो, रोबोटिक एंड एआई लर्निंग लॉउंज, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर, कल्चरल म्यूजिकल नाइट मुख्य आकर्षण रहे।